सन राज्य की एक इकाई है। राज्य के प्रशासन के समक्ष वह किसी मामले में स्वतंत्र नहीं है। हर जिले को वही करना होता है जो राज्य का प्रशासन चाहता है। जैसा आप जानते हैं सभी राज्यों में और केन्द्र में जनता की चुनी हुई सरकारें विद्यमान हैं, फिर भी उन राज्य सरकारों को केंद्र की ओर मुखापेक्षी होकर रहना पड़ता है, आर्थिक रूप से वे केंद्र पर आश्रित रहती हैं। इसी की वजह से हमारे देश में बिखराव की स्थिति पैदा होती है। मेरा सुझाव है कि सभी राज्यों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके आय के स्रोतों को सीमित न किया जाए। यदि उनके अधिकार क्षेत्र में केंद्र कर वसूल करने की कोई जिम्मेदारी ले लेता है तो कम से कम उसका एक रैशनल आधार होना आवश्यक है ताकि उसका उचित वितरण हो सके। राज्यों की जनसंख्या को उसका एक आधार बनाया जा सकता है, राज्य के प्रति व्यक्ति की औसत आमदनी को उसका आधार बनाया जा सकता है। उस राज्य क आकार को उसका आधार बनाया जा सकता है। यदि राज्य की जनसंख्या अधिक हो तथा धन का आवंटन कम हो तो स्वाभाविक है कि उसको जो धनराशि मिलेगी वह राज्य के विकास के लिए पर्याप्त नहीं होगी और प्रतिव्यक्ति आय में बढोत्तरी नहीं होगी। हमारा बिहार एक ऐसा ही राज्य है, जहां प्राकृतिक खनिज पदार्थों का भण्डार है परन्तु इतना सब कुछ होते हुए भी वहां के विकास के लिये जितना उचित मात्रा में धन का आवंटन होना चाहिए, वह नहीं हुआ। शुरू से ही उसके विकास पर ध्यान नहीं दिया गया आप देखिए, वहां कोयला, अभ्रक इत्यादि की बहुत सी खानें विद्यमान हैं, लेकिन इन खानों को जो कम्पनियां चलाती हैं, उनके मुख्यालय दूसरे राज्यों में हैं, किसी का भी हैडक्वार्टर बिहार में नहीं है। किसी का मुख्यालय कलकत्ता में है तो किसी का बम्बई में और किसी का दिल्ली में। उसका परिणाम यह होता है कि खनिज पदार्थों से बिहार राज्य को जो आमदनी करों के रूप में होनी चाहिए, वह पैसा बिहार, महाराष्ट्र या दिल्ली राज्य को चला जाता है और बिहार का खाता नगण्य ही रहता है लेकिन यहां इस आधार पर पैसे का आवंटन किया जाता है कि बंगाल की आमदनी इतनी हुई, महाराष्ट्र की आमदनी इतनी हुई इसीलिए धन के आवंटन में उनका हिस्सा अधिक रहना चाहिये, भले ही वह आमदनी किसी दूसरे राज्य या बिहार को मिलने वाली आमदनी कम करके हुई। और बिहार का हिस्सा तो कम ही होगा क्योंकि वहां की आमदनी कम हुई। हमारे यहां खनिज, कारखाने, और मुख्यालय दूसरी जगह होने के कारण आमदनी हमारी कम हो गई। इसलिए आवश्यक है जहां कारखाने हों खानें हों उस राज्य में उस कंपनी का मुख्यालय भी हो तभी उस राज्य को आमदनी गढ़ सकती है।

एक और बात है राज्य और केंद्र के कर्मचारियों के वेतन मानों में अन्तर है। केन्द्रीय कर्मचारियों को वेतन ज्यादा और राज्य कर्मचारियों को कम। आखिर इसमें तुक क्या है ? जो राज्य जितना अधिक अविकसित है उसके कर्मचारियों का वेतन उसी अनुरूप कम है। यह किस प्रकार से उचित है ?

**15.21 hrs.**

[SHRI F.H. MOHSIM *in the Chair.*]

हमारे पूर्ववक्ताओं ने ओवर ड्राफ्ट की चर्चा की। जब हम देखते हैं कि राज्यों के अपने स्वतंत्र आय स्रोत नहीं हैं तो विकास कार्यों पर खर्च करने के लिये कहां से धन लायें ? उनको ओवर ड्राफ्ट ही लेना पड़ता है। फिर आपका योजनाबद्ध विकास कहां हुआ ? यह किसी एक राज्य की समस्या नहीं है। और इस ओवर ड्राफ्ट की वजह से केंद्र राज्यों पर आर्थिक रूप से शासन करता है। माननीय सत्यसाधन चक्रवर्ती ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार पश्चिम बंगाल सरकार पर केंद्र का दबाव पड़ता रहा है। कोई तो रास्ता ढूंढना चाहिए जो उचित हो और राज्य का स्वतंत्र आय स्रोत हो। हमारे बिहार में ऐसा नहीं है।

हमारे बिहार में जनता प्रशासन में शराब बन्दी लागू की गई थी। परन्तु वर्तमान सरकार ने 1980 में आते ही शराब बन्दी को हटा लिया यह कह कर कि राज्य की आय बहुत कम हो गई है, और शराब बन्दी से कोई फायदा नहीं है। राज्य के विकास के लिये यह आमदनी आवश्यक है, और अभी जब वहां मंत्री मंडल बदला तो 1100 से लेकर 1400 तक शराब की नई दुकानों के लाइसेंस दिये गये। पहले कुछ बन्धन रखे गये थे कि शिक्षण संस्थाओं और मन्दिरों के नजदीक शराब की दुकानें नहीं होंगी, परन्तु अब यह सब बन्धन हटा लिये हैं। तो क्या इसी प्रकार से राज्यों की आय के स्रोतों को आप बढ़ायेंगे ? तब तो यह भी उचित होगा कि चोर, उचक्कों और डाकुओं के लिये भी इलाके निर्धारित कर दें और उसको ठेके पर उठा दें कि यहां यह चोर चोरी कर सकते हैं। वहां वह ग्रुप डाके डाल सकता है। इस तरह से राज्यों का विकास होगा ?

**सभापति महोदय** : कर्नाटक में आपकी गवर्नमेंट है, वहां शराबबन्दी क्यों नहीं की गई?

**प्रो० अजित कुमार मेहता** : बिहार की बात मैं इसलिए कर रहा हूं कि वहां पर शराब-बन्दी लागू की गई थी और 1980 में उसको समाप्त कर दिया गया। जहां यह स्कीम लागू ही नहीं की गई, वहां की बात अलग है। मैं वहां का उदाहरण दे रहा हूं जहां शराबबन्दी लागू की जा चुकी और उसके बाद यह कहकर बन्द कर दी गई कि हमारे पास आय का स्रोत कम हो गया है, खास कार्यों के लिए उचित धन नहीं मिल रहा है इसलिये इसको फिर चालू किया जा रहा है। यह विशेष चिन्ता का विषय है।

मैं वित्त मन्त्री से मांग करूंगा कि इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए राज्यों के आय स्रोतों पर अपना शिकंजा अधिक न बढ़ायें, उसको और उदार बनायें।

सभी राज्यों में व्यापारी वर्ग और उपभोक्ताओं की ओर से यह मांग की जाती रही है कि बिक्री-कर हटाया जाये लेकिन राज्य के सामने यह समस्या है कि अगर वह बिक्री-कर समाप्त कर दे तो उनके पास आय का स्रोत कहां है, इसीलिये बिक्री-कर की समाप्ति नहीं हो रही है, जबकि उसका इतना विरोध हो रहा है।

अगर आप ध्यान दें, तो चाहे कोई भी पार्टी हो जब तक वह विपक्ष में रहती है तब तक वह बिक्री-कर की समाप्ति की मांग करती है, अपने चुनाव-घोषणा-पत्र में भी इसे रखती है कि हम प्रशासन में आते ही बिक्री-कर समाप्त कर देंगे। अगर वह अपने घोषणा-पत्र में भी नहीं देती तो इस बात का आश्वासन देती है, लेकिन जब वह पार्टी सत्ता में चली जाती है और अपने संसाधनों को देखती है तो उस समय से उसका विरोध शुरू हो जाता है। हमें याद है, जनता पार्टी ने भी आश्वासन दिया था लेकिन उसके बावजूद भी जिन-जिन राज्यों में जनता पार्टी की सरकार कायम हुई, वहां उन्होंने भी बिक्रीकर की समाप्ति नहीं की। वही हाल कांग्रेस पार्टी का भी है। इसका कारण यह है कि बिक्री-कर की समाप्ति के बाद राज्य के पास आय का स्रोत कहां रह जाता है। जो भी स्रोत हैं, वह गणना में नगण्य हैं। इसलिए आप बिक्री-कर का विकल्प सोचें जिससे राज्यों के आय के स्रोत कम न हों और लोगों पर अनावश्यक रूप से पड़ने वाला भार कम हो जाये।

इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने बोलने का समय दिया। न इस बिल का विरोध करूंगा और न समर्थन करूंगा। विरोध का इसलिये कोई अर्थ नहीं है कि आप इस बिल को पास तो करा ही लेंगे।

**श्री पी० नामग्याल** (लद्दाख) : सभापति महोदय, यूनियन ड्यूटीज आफ एक्साइज (डिस्ट्रिब्यूशन) एक्ट 1977, दी एडीशनल ड्यूटीज आफ एक्साइज (गुड्ज आफ स्पेशल इम्पा-

टॅन्स) एक्ट 1959, दी यूनियन ड्यूटीज आफ एक्साइज (इलैक्ट्रिसिटी) डिस्ट्रब्यूशन एक्ट, 1980 और एस्टेट ड्यूटी (डिस्ट्रीब्यूशन) एक्ट, 1962 में संशोधन करने के लिये जो 4 बिल यहां रखे गये हैं, उस पर यहां बहस चल रही है। इन बिलों में ऐसी कोई बात नहीं है, जिस पर यहां ज्यादा बहस की गुंजाइश है। क्योंकि इस बारे में सातवें फाइनेन्स कमीशन ने जो सिफारिशात की थीं और आठवें फाइनेन्स कमीशन ने इसी नवम्बर में जो अपनी इंटेरियम रिपोर्ट दी है जिसमें उन्होंने कहा है कि फिलहाल जो ड्यूटीज लैवी की जा रही हैं, वह बदस्तूर रखी जायें जब तक कि आठवें फाइनेन्स कमीशन की पूरी रिपोर्ट इस हाउस के सामने न लायी जाये, प्रो० चक्रवर्ती ने फरमाया कि देश के रीसोर्सिज में से स्टेट्स को सेंटर से जो शेयर मिलता है, वह बहुत कम है और वह उससे सैटिस्फाइड नहीं हैं। उन्होंने सेंटर-स्टेट रिलेशन्ज का भी मसला उठाया। में कहना चाहता हूं कि इस बारे में सरकारिया कमीशन बैठा हुआ है, इसलिए हमको इस वक्त उस मामले में नहीं जाना चाहिए।

जहां तक रिसोर्सिज का सवाल है, मैं समझता हूं कि जब तक सेंटर मजबूत नहीं होगा, तब तक स्टेट्स मजबूत नहीं हो सकतीं। स्टेट्स ने एग्री किया है कि शुगर, टोबैको, काटन, फैब्रिक्स, वूलन फैब्रिक्स और मैन-मेड फैब्रिक्स पर स्टेट सेल्ज टैक्स न लगाया जाए और उन सब पर यूनिफार्मली एक्साइस ड्यूटी लगाई जाए। मेरा ख्याल है कि सब स्टेट्स में दूसरे आइटम्ज पर से भी सेल्ज टैक्स को ऐबालिश करना चाहिए, ताकि सारे देश में यूनिफार्म टैक्सेशन हो। आज हालत यह है कि किसी स्टेट में टैक्सेशन ज्यादा है और किसी में कम, जिसकी वजह से प्राइसिज में फर्क होता है और उसकी बिना पर स्मगलिंग होता है।

मैं आपके सामने अपनी स्टेट की मिसाल रखता हूं। हमारा पहाड़ी इलाका है। मेरी कांस्टीट्युएन्सी, लेह और कारगिल, बारामूला, डोडा और पुंछ वगैरह इलाकों के लिए मैन मार्केट श्रीनगर या जम्मू शहर हैं। जब हमारे यहां के छोटे दुकानदार वहां पर बड़े दुकानदारों के पास जाते हैं, तो उनके खरीदे हुए माल पर सेल्ज टैक्स लेवी किया जाता है। अगर दस परसेंट सेल्ज टैक्स हो, तो 100 रुपए के माल की वैल्यु 110 रुपए बन जाती है। बाद में जब छोटे दुकानदार टाउन्ज में उस माल को बेचते हैं, तो वे भी दस परसेंट सेल्ज टैक्स लेते हैं, जिससे 110 रुपए के माल की कीमत 121 रुपए हो जाती है। दस परसेंट उस पर पहले ही चार्ज किया होता है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सेन्ट्रल लेवल पर एक्साइज ड्यूटी यूनिफार्मली ली जाए और सेल्सटैक्स को सारे देश में से हटाया जाए।

इस तरह से इनकम टैक्स के बारे में कहा गया। प्रो० चक्रवर्ती साहब ने कहा है कि 85% इनकम टैक्स स्टेट सैक्टर को जाता है। मुझे पता नहीं है कि यह बात सही है या नहीं। यह सही बात है कि इनकम टैक्स होना चाहिए और उसको इनफोर्स करना चाहिए। जम्मू-काश्मीर में सिर्फ टैक्स उन्हीं से वसूल किया जाता है, जिनका स्टेट के बाहर से बिजनेस कनसर्न हैं या स्टेट से बाहर से आये हुए ट्रेडर्ज हैं। लेकिन जितने भी लोकल ट्रेडर्स हैं, उनसे पूछने की जरूरत नहीं है कि वे टैक्स देते हैं या नहीं देते हैं, या जिस कद्र टैक्स अदा करते हैं आप को मालूम है। मैक्सिमम ब्लैक मनी काश्मीर वैली में हैं। उसको निकालने की जरूरत है। इस ओर आपको कदम उठाना चाहिए, ताकि जितना अधिक से अधिक पैसा आएगा, उसका 85% जम्मू-काश्मीर को वापिस हो जाएगा। क्योंकि यह पैसा तो सेंटर ने तो रखना नहीं है। आज जम्मू और काश्मीर का हिस्सा जीरो दशमलव कुछ ही है।

जहां तक रिसोर्सेज का सवाल है, जो टैक्स वसूल नहीं करता है, इस वजह से सेंटर का उसका शेयर है, वह भी कम हो जाता है।

लिहाजा जो वहां पर ब्लैक मार्केटियर्स हैं, होर-डर्स हैं, उनसे टैक्स सख्ती से वसूल करने की जरूरत है । अभी पिछली दफा ही जो टीम सैन्टर से वहां गई थी उन लोगों की वहां के गुण्डों के जरिये पिटाई की गई । और उन लोगों के दांत निकाल कर फेंक दिए । हमारे प्रेजेंट चीफ मिनिस्टर जो उस वक्त सांसद थे इन गुण्डों को लीड कर रहे थे । यह एक हकीकत है ।

**प्रो० मधु दंडवते** : गोल्ड दांत है ।

**श्री पी. नामग्याल** : आप कुछ भी कहिए, जो हकीकत है, वह मैं आपके सामने रख रहा हूं । इस लिए जो टैक्सेशन का सवाल है, उस पर आपको गौर करने की जरूरत है ।

ओवर ड्राफ्ट के बारे में भी यहां पर बहुत सी बातें कही गई हैं मैं यह कहना चाहता हूं कि चाहे रूलिंग पार्टी की सरकार हो या अपोजीशन की सरकार हो ओवर ड्राफ्ट आपको स्ट्रीक्टली बन्द करना चाहिए । इस वजह से मुल्क की माली हालत आफ बैलेंस (off balance) हो जाता है । यह मैं जरूर कहना चाहता हूं कि जहां पर आपोजीशन की सरकारें हैं, वे तो खुल्लम-खुल्ला अंगूठा दिखाकर खा जाते हैं । लेकिन जहाँ पर कांग्रेस की सरकार है, वहां पर तो पार्टी लेवर पर भी कान खींचा जा सकता है और सरकारी लेवर पर भी बात की जा सकती है । वे लोग मेरी दृष्टि में ज्यादा डिसीप्लीन रहते हैं । अभी प्रोफेसर साहब कह रहे थे कि वेस्ट बंगाल के साथ ज्यादा सख्ती की जा रही है, लेकिन यह बिल्कुल गलत बात है ।

रिसोर्सेज के लिए मैं पहले भी कह चुका हूं कि सैन्टर को मजबूत होना चाहिए आप कहते हैं कि उस ढंग से होना चाहिए, जिस स्टेट से ज्यादा पैसा मिलता है, उनको ज्यादा मिलना चाहिए । लेकिन मैं इसके फेवर में नहीं हूं । और जो अगर ऐसा हुआ तो डैफिसिट स्टेट हैं, जैसे जम्मू और काश्मीर एक डैफिसिट स्टेट हैं वे तो बिल्कुल मारे जाएगे । लिहाजा सेन्टर को मजबूत होना जरुरी है और जितना टैक्सेशन आता है उस को पूल (pool) कर के जो आप का सिस्टम है उस के मुताबिक डिस्ट्रीब्यूट करना चाहिये ।

मेरे एक साथी ने कहा कि सरकार की इस पालिसी की वजह से सिसेशनिस्ट फोर्सेज सिर उठा रही हैं । मैं उन की इस बात से एग्री नहीं करता हूं । ...

**एक माननीय सदस्य** : असम में क्या हो रहा है ?

**श्री पी० नामग्याल** : मैं पंजाब के लिये कहता हूं—वह एक सरप्लस स्टेट है ।

**प्रो० मधु दण्डवते (राजापुर)** : अब तो वह भी नान-सरप्लस हो गई है ।

**श्री पी० नामग्याल** : लेकिन आज भी वहां की जो इकानामिक कण्डीशन है वह दूसरे स्टेट्स के मुकाबले अच्छी है, लेकिन फिर भी वहां सिसेशनिस्ट-फोर्सेजि हैं — इस की क्या वजह है ? मेरा यह कहना है कि जो डेफिसिट स्टेट्स हैं, वहां गरीबी की वजह से सिसेशनिस्ट मूवमेन्ट शुरू होती है– मैं इस बात से एग्री नहीं करता हूं, बल्कि इस की कुछ दूसरी वजूहात हैं ।

एक सलाह यह दी गई कि नेशनल डवेलप-मेन्ट कान्सिल को सही मायनों में काम करने वाली कान्सिल बनाना चाहिये । लेकिन उस में तो तमाम स्टेट्स के चीफ मिनिस्टर्स मेम्बर हैं । इसलिये आप की यह आग्रुमेन्ट मेरी समझ में नहीं आती है । उन की जितनी पावर है उस को कम करो या ज्यादा करो यह आप के सोचने की बात है । प्रो० मेहता कहते हैं कि नेशनल रिसोर्सेज के डिस्ट्रीब्यूशन में एडहाकिज्म है– मैं इस बात को नहीं मानता । उन्होंने प्राहिविशन के बारे में भी कहा—जनता रूल के जमाने में बहुत जगहों पर प्राहिविशन को एन्फोर्स किया गया था । लेकिन उस का नतीजा क्या निकला—वह हम सब के सामने है । नतीजा यह निकला कि इल्लिसिट डिस्टिलेशन बहुत ज्यादा बढ़ गया जिस की वजह से हजारों की तादाद में मौतें हुई । हालांकि मैं प्राहिविशन के खिलाफ नहीं हूं लेकिन इस का नतीजा पाजिटिव नहीं निकला । प्रोफेसर साहब इस बात को प्लीड करते रहे कि प्राहिबिशन होना चाहिये, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उन की सरकार कर्नाटक में है वह वहां इस को एन्फोर्स क्यों नहीं करते हैं ? आप वहां एन्फोर्स करें तो हम भी देखें कि आप किस तरह से काम करते हैं ? और उस के बाद यहां ऐसी प्रपोजल रखें ।

अब जहां तक इन बिलों का ताल्लुक है—मैं समझता हूं यह राइट-स्टेप-इन-दि -राइट-डायरेक्शन है । आप जो अमेण्डमेन्ट्स लाये हैं मैं उन को सपोर्ट करता हूं ।

شری پی۔نام گیال (لداخ): سبھاپتی مہودے۔ یونین ڈیوٹیز آف ایکسائز (ڈسٹری بیوشن) ایکٹ ۱۹۷۹ - دی ایڈیشنل ڈیوٹیز آف ایکسائز (گڈس آف اسپیشل امپارٹینس) ایکٹ ۱۹۵۷ - دی یونین ڈیوٹیز آف ایکسائز (الیکٹریسٹی) ڈسٹری بیوشن ایکٹ ۱۹۸۰ - اور اسٹیٹ ڈیوٹی (ڈسٹری بیوشن) ایکٹ ۱۹۶۲ میں سنشودھن کرنے کے لئے جو ۴ بل یہاں رکھے گئے ہیں اس پر یہاں بحث چل رہی ہے۔ ان بلوں میں ایسی کوئی بات نہیں ہے جس پر زیادہ بحث کی گنجائش ہو کیونکہ اس بارے میں ساتویں فائننس کمیشن نے نے جو سفارشات کی تھیں اور آٹھویں فائننس کمیشن نے اس نومبر میں جو اپنی انٹیریم رپورٹ دی ہے جس میں انہوں نے کہا ہے کہ فی الحال جو ڈیوٹیز لیوی کی جا رہی ہیں وہ بدستور رکھی جائیں جب تک کہ آٹھویں فائننس کمیشن کی پوری رپورٹ اس ہاؤس کے سامنے نہ لائی جائے۔ پروفیسر چکرورتی اور پروفیسر مہتا نے کچھ پوائنٹس اٹھائے ہیں۔ میں ان پر کچھ ٹپٹرین کرنا چاہتا ہوں۔ پروفیسر چکرورتی نے فرمایا کہ دیش کے ریسورسز میں اسٹیٹس کو سینٹر سے جو شیئر ملتا ہے وہ بہت کم ہے اور وہ اس سے سیٹسفائڈ نہیں ہیں۔ انہوں نے سینٹر اسٹیٹ ریلیشن کا بھی مسئلہ اٹھایا۔ میں کہنا چاہتا ہوں کہ اس بارے میں سرکاریہ کمیشن بیٹھا ہوا ہے اسی لئے ہم کو اس وقت اس معاملے میں نہیں جانا چاہیئے۔

جہاں تک ریسورسز کا سوال ہے میں سمجھتا ہوں کہ جب تک سینٹر مضبوط نہیں ہوگا تب تک اسٹیٹس مضبوط نہیں ہو سکتی۔ اسٹیٹس نے ایگری کیا ہے کہ شوگر، ٹوبیکو، کاٹن فیبرکس، وولن فیبرکس اور مین میڈ فیبرکس پر اسٹیٹ سیلز ٹیکس نہ لگایا جائے اور ان سب پر یونیفارملی ایکسائز ڈیوٹی لگائی جائے۔ میرا خیال ہے کہ سب اسٹیٹس میں دوسرے آئٹمز پر سے بھی سیلز ٹیکس کو ایبالش کرنا چاہیئے تاکہ سارے دیش میں یونیفارم ٹیکسیشن ہو۔ آج حالت یہ ہے کہ کسی اسٹیٹ میں ٹیکسیشن زیادہ ہے اور کسی میں کم جس کی وجہ سے پرائزز میں فرق ہوتا ہے اور اس کی بنا پر اسمگلنگ ہوتا ہے۔

میں آپ کے سامنے اپنی اسٹیٹ کی مثال رکھتا ہوں۔ ہمارا پہاڑی علاقہ ہے۔ میرا کانسٹی چیوینسی لیہہ اور کارگل یا رامولہ ڈوڈا اور پونچھ وغیرہ علاقوں کے لئے مین مارکیٹ شری نگر یا جموں شہر ہیں۔ جب ہمارے یہاں کے چھوٹے دوکاندار وہاں پر بڑے دوکانداروں کے پاس جاتے ہیں تو ان کے خریدے ہوئے مال پر سیلز ٹیکس لیوی کیا جاتا ہے۔ اگر دس پرسینٹ سیلز ٹیکس ہو تو سو روپے کے مال کی ویلیو ۱۱۰ روپے بن جاتی ہے۔ بعد میں جب چھوٹا دوکاندار ٹاؤنز میں اس مال کو بیچتے ہیں تو وہ بھی دس پرسنٹ سیلز ٹیکس لیتے ہیں جس سے ۱۱۰ روپے کے مال کی قیمت ۱۲۱ روپے ہو جاتی ہے۔ دس پرسینٹ اس پر پہلے ہی چارج کیا ہوتا ہے۔ اس لئے میں نویدن کرنا چاہتا ہوں کہ سینٹرل لیول پر ایکسائز ڈیوٹی یونیفارملی لی جائے اور سیلز ٹیکس کو سارے دیش میں سے ہٹایا جائے۔

اسی طرح سے انکم ٹیکس کے بارے میں کہا گیا۔ پروفیسر چکرورتی صاحب نے کہا ہے کہ ۸۵ پرسینٹ انکم ٹیکس اسٹیٹ سیکٹر کو جاتا ہے۔ مجھے پتہ نہیں ہے کہ یہ بات صحیح ہے یا نہیں۔ یہ صحیح بات ہے کہ انکم ٹیکس ہونا چاہیئے اور اس کو اینفورس کرنا چاہیئے۔ جموں کشمیر میں صرف ٹیکس انہیں سے وصول کیا جاتا ہے جن کا اسٹیٹ کے باہر سے بزنس کنسرن ہے یا اسٹیٹ کے باہر سے آئے ہوئے ٹریڈرز ہیں۔ لیکن جتنے بھی لوکل ٹریڈرس ہیں ان سے پوچھنے کی ضرورت نہیں ہے کہ وہ ٹیکس دیتے ہیں یا نہیں دیتے ہیں۔ یا جس قدر ٹیکس ادا کرتے ہیں آپ کو معلوم ہے میکسیمم بلیک منی کشمیر ویلی میں ہے۔ اس کو نکالنے کی ضرورت ہے۔ اس لئے آپ کو قدم اٹھانا چاہیئے تاکہ جتنا ادھیک سے ادھیک پیسہ آئے گا اس کا ۸۵ پرسینٹ جموں کشمیر کو واپس ہو جائے گا۔ کیونکہ یہ پیسہ تو سینٹر کو تو رکھنا نہیں ہے۔ آج جموں کشمیر کا حصہ زیرو دشملو کچھ ہی ہے۔

جہاں تک ریسورسز کا سوال ہے جو ٹیکس وصول نہیں کرتا ہے اس وجہ سے جو سینٹر کا اس کا شیئر ہے وہ بھی کم ہو جاتا ہے۔ لہٰذا جو وہاں پر بلیک مارکیٹیئرس ہیں۔ ہورڈرس ہیں ان سے ٹیکس سختی سے وصول کرنے کی ضرورت ہے۔ ابھی پہلی ہی دفعہ جو ٹیم سینٹر سے وہاں گئی تھی ان لوگوں کی وہاں کے غنڈوں کے ذریعے پٹائی کی گئی اور ان لوگوں کے دانت نکال کر پھینک دیئے۔ ہمارے پریزینٹ چیف منسٹر جو اس وقت سانسد تھے ان غنڈوں کو لیڈ کر رہے تھے۔ یہ ایک حقیقت ہے۔

پروفیسر مدھو دنڈاوتے: گولڈ دانت ہیں۔

شری پی۔نام گیال: آپ کچھ بھی کہیئے۔ جو حقیقت ہے وہ میں آپ کے سامنے رکھ رہا ہوں۔ اس لئے جو ٹیکسیشن کا سوال ہے اس پر آپ کو غور کرنے کی ضرورت ہے۔

اوور ڈرافٹ کے بارے میں بھی یہاں پر بہت سی باتیں کہی گئی ہیں۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ چاہے رولنگ پارٹی کے

سرکار ہو یا اپوزیشن کی سرکار ہو اوور ڈرافٹ آپ کو اسٹرکٹلی بند کرنا چاہیئے۔ اس وجہ سے ملک کی مالی حالت آف بیلینس ہو جاتی ہے۔ یہ میں ضرور کہنا چاہتا ہوں کہ جہاں پر اپوزیشن کی سرکار رہی ہیں وہ تو کھلم کھلا انگوٹھا دکھا کر کھا جاتے ہیں۔ لیکن جہاں پر کانگریس کی سرکار ہے وہاں پر تو پارٹی لیول پر بھی کان کھینچا جا سکتا ہے۔ اور سرکاری لیول پر بھی بات کی جا سکتی ہے۔ وہ لوگ میری درشٹی میں زیادہ ڈسپلین رہتے ہیں۔ ابھی پروفیسر صاحب کہہ رہے تھے کہ ویسٹ بنگال کے ساتھ زیادہ سختی کی جا رہی ہے لیکن یہ بالکل غلط بات ہے۔

ریسورسز کے لئے میں پہلے بھی کہہ چکا ہوں کہ سینٹر کو مضبوط ہونا چاہیئے۔ آپ کہتے ہیں کہ اس ڈھنگ سے ہونا چاہیئے جس اسٹیٹ سے زیادہ پیسہ ملتا ہے۔ اس کو زیادہ ملنا چاہیئے۔ لیکن میں اس کے فیور میں نہیں ہوں اور اگر ایسا ہوا تو جو۔۔۔ ڈیفیسٹ اسٹیٹ ہیں جیسے جموں اور کشمیر ایک ڈیفیسٹ اسٹیٹ ہے وہ تو بالکل مارے جائیں گے۔

لہٰذا سینٹر کو مضبوط ہونا ضروری ہے اور جتنا ٹیکسیشن آتا ہے اس کو پول (Pool) کرکے جو آپ کا سسٹم ہے اس کے مطابق ڈسٹریبیوٹ کرنا چاہیئے۔

میرے ایک ساتھی نے کہا کہ سرکار کی اس پالیسی کی وجہ سے سیشنسٹ فورسز سر اٹھا رہی ہیں۔ میں ان کی اس بات سے ایگری نہیں کرتا ہوں۔۔۔۔

ایک مانیئے سدسے: اس میں کیا ہو رہا ہے۔

شری پی۔ نام گیال: میں پنجاب کے لئے کہتا ہوں۔ وہ ایک سرپلس اسٹیٹ ہے۔

پروفیسر مدھو دنڈاوتے (راجاپور): اب تو وہ بھی نان سرپلس ہو گئی ہے۔

شری پی۔ نام گیال: لیکن آج بھی وہاں کی جو اکانومک کنڈیشن ہے وہ دوسرے اسٹیٹس کے مقابلے اچھی ہے لیکن پھر بھی وہاں غریبی کی وجہ سے سیشنسٹ موومینٹ شروع ہوتی ہے۔ میں اس بات سے ایگری نہیں کرتا ہوں بلکہ اس کی کچھ دوسری وجوہات ہیں۔

ایک صلاح یہ دی گئی کہ نیشنل ڈیولپمنٹ کونسل کو صحیح معنوں میں کام کرنے والی کونسل بنانا چاہیئے۔ لیکن اس میں تو تمام اسٹیٹس کے چیف منسٹرس ممبر ہیں۔ اس لئے آپ کی یہ آرگومینٹ میری سمجھ میں نہیں آتی ہے۔ ان کی جتنی پاور ہے اس کو کم کر دو یا زیادہ کر دو یہ آپ کے سوچنے کی بات ہے۔ پروفیسر مہتا کہتے ہیں کہ نیشنل ریسورسز کے ڈسٹری بیوشن میں ایڈہاکزم ہے۔ میں اس بات کو نہیں مانتا۔ انہوں نے پراہیبیشن کے بارے میں بھی کہا۔ جنتا راج کے زمانے میں بہت جگہوں پر پراہیبیشن کو اینفورس کیا گیا تھا۔ لیکن اس کا نتیجہ کیا نکلا۔ وہ ہم سب کے سامنے ہے۔ نتیجہ یہ نکلا کہ الیسٹ ڈسٹیلیشن بہت زیادہ بڑھ گیا جس کی وجہ سے ہزاروں کی تعداد میں موتیں ہوئیں۔ حالانکہ میں پراہیبیشن کے خلاف نہیں ہوں لیکن اس کا نتیجہ پازیٹیو نکلا۔ پروفیسر صاحب اس بات کو پلیڈ کرتے رہے کہ پراہیبیشن ہونا چاہیئے۔ میں ان سے کہنا چاہتا ہوں کہ ان کی سرکار کرناٹک میں ہے۔ وہ وہاں اس کو اینفورس کیوں نہیں کرتے ہیں۔ آپ وہاں اینفورس کریں تو ہم بھی دیکھیں کہ آپ کس طرح سے کام کرتے ہیں اور اس کے بعد یہاں ایسی پرپوزل رکھیں۔

اب جہاں تک ان بلوں کا تعلق ہے۔ میں سمجھتا ہوں یہ رائٹ اسٹیپ ان دی رائٹ ڈائریکشن ہے۔ آپ جو امینڈمینٹس لائے ہیں میں ان کو سپورٹ کرتا ہوں۔

**श्री टी०एस० नेगी (टिहरी-गढ़वाल)** : चेअरमैन साहब, चार उत्पादन शुल्क संशोधन विधेयक सदन के समक्ष हैं। इन के सम्बन्ध में जो चर्चा चल रही है उस में ओवर-ड्राफ्ट पर चर्चा हुई, रिसोर्सेज के बटवारे की चर्चा हुई, एक्साइज ड्यूटी और सेल्ज टैक्स के बारे में सदस्यों ने कहा। इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की चर्चा भी इस समय आई। मैं तो इस बिचार का हूं-जैसा मेरे एक दोस्त ने कहा कि सेन्टर मजबूत होना चाहिये। कौन कहता है कि सैन्टर मजबूत न हो, लेकिन अगर स्टेट का दिमाग तो मजबूत हो जाय, लेकिन हाथ-पैर बेकार हो तो उस का कोई लाभ नहीं होगा। स्टेट को तो सेन्टर से भी ज्यादा मजबूत होना चाहिये ताकि सारा देश मजबूत हो। सेन्टर के पास क्या है? दो-तीन बिभाग हैं, फारेन अफेअर्स, डिफैन्स, कम्युनिकेशन,

बाकी सारे काम स्टेट्स के पास हैं। अगर वे सारे डिपार्टमेन्ट्स मजबूत नहीं होंगे, काम नहीं करेंगे तो हिन्दुस्तान कैसे मजबूत होगा ?

हिन्दुस्तान तब मजबूत होगा जब स्टेट मजबूत होंगे। केन्द्रीयकरण, इस मुल्क में एक बड़ी भारी बीमारी है, जबकि विकेन्द्रीयकरण होना चाहिए। मैंने अभी यहां पर सुना कि ओवर-ड्राफ्ट लिया जाता है। मैं समझता हूं, इसके लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। सब चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं। सब निर्माण के कार्य ठप्प हो गए हैं। स्टेट गवर्नमेंट को जो थोड़े-बहुत काम करने हैं, वह ओवर-ड्राफ्ट न ले तो क्या करे ? क्या यह अपना दिवाला निकाल दे ? उत्तर-प्रदेश के गढ़वाल और अल्मोड़ा जो पहाड़ी क्षेत्र हैं वहा विकास का काम ठप्प हुआ पड़ा है। सड़क निर्माण, नहर, बिजली और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूलों की 90 प्रतिशत बिल्डिंग खराब हैं या है ही नहीं। इसी प्रकार अस्पतालों की 70-80 प्रशिक्षत बिल्डिंग खराब हैं या हैं ही नहीं। पंचायत घर भी नहीं हैं। इसके बावजूद भी सरकार ध्यान नहीं देती। उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार है, इसलिए ओवर-ड्रफ्ट नहीं ले सकती। वह तो सोच भी नहीं सकती कि इतने बड़े प्रान्त का मैनेजमेंट कैसे हो ? वहां के लोग कहते हैं कि सरकार है ही कहां ? अगर, बंगाल की सरकार ओवर-ड्राफ्ट लेकर लोगों को सुविधा पहुंचाती है तो इससे बढ़िया और क्या काम हो सकता है ? वैसे यहां पर काश्मीर और कर्नाटक की चर्चा भी हुई। वह लोग चाहते है कि हिन्दुस्तान में उनकी ख्याति बढ़े। बिजली-बोर्ड के संबंध में भी यहां चर्चा हुई। पिछले साल इसी सदन में हमने उत्तर-प्रदेश के बिजली बोर्ड के संबंध में दो प्रश्न पूछे थे। हमारी पार्टी के नेता श्री हेमवती नंदन जी ने भी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री जी को पत्र लिखे थे। लेकिन, आज तक कोई जवाब नहीं मिला। प्रश्न यह था कि पिछले साल की सालाना रिपोर्ट में यह लिखा हुआ था कि उत्तर प्रदेश में 522 सिनेमाघर हैं। उनको दो घण्टे और कुछ मिनट प्रतिदिन बिजली मिलती है जबकि सिनेमाघर 13 घण्टे से अधिक चलते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को 37 घण्टे बिजली मिलती हैं जबकि दिन तो 24 घण्टे का ही होता है। इसका भी कोई जवाब हमें नहीं मिला। यह गोलमाल बिजली डिपार्टमेंट का है गढ़वाल, अल्मोड़ा आर नैनीताल में तो एक पाइन्ट पर बिजली के पैसे लेते हैं और चौबीस घण्टे में चौबीस मिनट भी बिजली नहीं मिलती। जब रात को बिजली की जरूरत होती है तो वह गायब हो जाती है। लोग कहते हैं कि डबल एस्टेबलिशमेंट रखना पड़ता है, केरोसीन ऑयल तथा बिजली। सरकार, फ्लड और एनवायरनमेंट के बारे में काफी खर्च कर कर रही है। हम चाहते हैं कि जंगलों की रक्षा होनी चाहिए। उसके लिए हमने यह उपाय बताया था कि सरकार हर गांव में जल्दी से जल्दी बिजली पहुंचा दे। बिजली का उपयोग न केवल जलाने के लिए बल्कि कुकिंग आदि के लिए भी हो सकता है। इसकी वजह से जंगल से लकड़ी नहीं काटनी पड़ेगी। सरकार तो काम में नहीं बल्कि प्रोपोगंडा में विश्वास रखती है। क्या काम होना चाहिए, उसमें विश्वास नहीं रखती। इस सदन में कोयले और पैट्रोलियम के बारे में अनेक सुझाव आ चुके हैं। और मंहगाई कम हो सके। ये सारी चीजें समझ में आई लेकिन हमारी सरकार बहरी है, सुनतो ही नही है। हम नहीं समझ सकें कि सरकार का रूख किस तरफ है। उसी तरह हमने देखा कि इलैक्ट्रिसिटी वाले काम भी नहीं हो रहे हैं। जहां जल्दी बिजली मिलनी चाहिए, वहां लोगों के द्वारा पैसा जमा करवाये जाने के बावजूद अभी तक बिजली नहीं पहुंचाई गई है या उनको बिजली नहीं मिलती। इस कारण लोगों में हाहाकार है और सारे विकास के काम ठप्प पड़े हैं। जनता पार्टी की सरकार और कांग्रेस पार्टी की सरकार दोनों का यही हाल था। जनता पार्टी की सरकार ने भी एलान किया था

कि हम सेल्स टैक्स को खत्म करेंगे मैं समझता हूं कि अब सेल्स टैक्स खत्म हो जाना चाहिए और सरकार यदि एक्साइज ड्यूटी लगाना चाहे तो लगाये । चाहे केंद्रीय सरकार लगाये या राज्य सरकार लगाये, लेकिन इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि राज्य सरकार को सेल्स टैक्स की वजह से जो आमदनी होती है, वह उसको मिलीत रहनी चाहिए और आगे भी उसी प्रोपोरशन में उसमें बढ़ोत्तरी होती रहे और सभी राज्यों को उसी अनुपात में राजस्व हर साल बढ़ कर मिलता रहे । वह मेरा सुझाव है । ऐसा न हो कि केंद्र तो अपने को मजबूत बनाये और स्टेटों को ऐसे ही छोड़ दे । इस कारण लोग कहते हैं कि क्षेत्रीय विषमता फैलती है लेकिन क्षेत्रीय विषमता फैलाने की जिम्मेदारी केंद्रीय सरकार पर है । हमने कभी नहीं कहा कि जो पिछड़े इलाके हैं उनमें केंद्रीय सरकार कोई खर्च न करे । बल्कि हम तो चाहते हैं कि जितने बेकवर्ड इलाके हैं, पिछड़े लोग इस मुल्क में हैं सरकार उन को ज्यादा से ज्यादा तरक्की के साधन पहुंचाये, ज्यादा से ज्यादा विकास के काम वहां हों । यहां पर मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने के मामले में सारा सदन, विरोधी दल तथा कांग्रेस के कई लोग भी कहते हैं, लेकिन उसके बावजूद भी सरकार उसको लागू नहीं करती । इसके कारण लोगों को आन्दोलन करने के लिए विवश होना पड़ता है । जब स्थान स्थान पर आन्दोलन होंगे, लोग स्थानीय मसलों को लेकर आन्दोलन करेंगे तो उससे देश के विकास का मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा, देश में बिखराव पैदा हो जाएगा और उसकी सारी जिम्मेदारी केंद्रीय सरकार पर आयेगी । उसके लिए विरोधी दल या कांग्रेस के कुछ लोग उतने जिम्मेदार नहीं हैं । बल्कि ऐसा मालूम पड़ता है कि वे तो एक तरह से बंधुआ मजदूर की तरह हैं जो हाथ खड़े कर देते हैं, परन्तु कुछ बोल नहीं सकते, कुछ कर नहीं सकते । सारी पावर तो केंद्रीय सरकार के पास है, वहां से जो डिक्टेशन या आर्डर जाएगा, उसको ही सब करेंगे । हमने यह मामला उत्तर प्रदेश सरकार के सामने भी रखा और फौरेस्टस से सम्बन्धित संशोधन बिल अब आया है उसमें तरमीम की मांग की ताकि वहां के निर्माण के सारे कामों में द्रुत गति से काम हो सके लेकिन वैसा कोई नहीं कर सकता । यहां तक कि केंद्रीय वन मन्त्री भी, जिनके पास वन विभाग है, वे भी कुछ नहीं कर सकते । वह तो सिर्फ एक ही पावर है, जब वहां से कुछ हिलेगा तो सरकार हिलेगी, वरना सारे काम बंद रहेंगे । इन शब्दों के साथ मैं आशा करता हूं कि सरकार तमाम स्टेटस को एक नजर से देखते हुए, सब को बराबर समझते हुए उनको काफी मजबूत बनाने की दिशा में काम करेगी और उनको ज्यादा से ज्यादा धन दिया जाएगा ताकि वहां का विकास हो सके, सारा हिन्दुस्तान एक बन सके और एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर कर सामाने आये । इन शब्दों के साथ में इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

SHRI CHITTA BASU : Sir, the four Bills which are now under consideration primarily relate to the transfer of resources to the States. As my good friend, Shri Satyasadhan Chakraborty, has covered a wide area, he has lightened my burden. As a matter of fact, there is near unanimity, though I would not say unanimity, in the public opinion today that there should be re-structuring of the allocation between the Centre and the States, particularly in relation to the financial transactions or relations. Almost all the opposition parties, irrespective of their political views or certain differences in nuances, have agreed in a conference at Srinagar that there should be review of the Centre-State relations and that there should be more financial powers and a larger measure of autonomy to the States.

Sir, there has been a coustructive suggestion on the way this restructuring should take place. Therefore, as I have mentioned earlier that there has been near unanimity in the public opinion of the country today that the relations between the Centre and States in respect of financial matters should be not only reviewed, but restructured in a

way so that more financial power is given to the States and thereby strengthen the national unity and integration. But for a specific purpose I take up this particular Bill, the Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Amendment Bill just to show—I shall not discuss or touch other points which have already been covered—only with the help of this Bill or Act, I want to show you and convince you that there has been a constant erosion into the States' sphere, particularly in respect of resources mobilisation.

Sir, this Act, viz., the Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Act, has got its own history. It is for the House to know the history of the Act, and the history of the Bill is the history as to how States have been deprived of a legitimate sphere of taxation. The Parliament enacted the Central Sales Tax Act in 1956, and it was followed by another Act, that is, the present Act which I have mentioned, viz., The Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Act, 1957. The Act authorised the Parliament to impose certain additional duties of excise on certain specific goods, viz., sugar, tobacco, cotton fabrics etc. And these taxes are to be transferred to the States. I know that the States are not debarred from imposing any sales tax on these items. They are also entitled, but there is one condition, and that condition is that you cannot impose sales tax on these items more than 4 per cent of the price. Here is a limit; 4 per cent limit is imposed. Again, if a particular State imposes the sales tax on these items declared as of special importance, they will be deprived of the transfer. If you impose 4 per cent, then the Centre will not give you anything out of that income. Therefore, no State is interested to have sales tax on those items.

Sir, I would only draw your attention to an observation made in the Memorandum of the West Bengal Government to the Eighth Finance Commission as to how this particular provision has deprived the State Government of West Bengal in the matter of resources mobilisation. I quote :

"The revenue realised by the Government of West Bengal from the 4 per cent tax on goods of special importance is of the order of Rs. 77 crores per annum. Ordinarily, but for the Central intervention in this matter, the revenue would have been of the order of Rs. 134 crores."

Therefore, as I have mentioned earlier, by this device you have made an erosion, you have taken away the legitimate right of the State Governments to step up their revenue earning.

I know that the National Development Council in those years, in 1956, agreed to this scheme. It may be that in those days the compensatory rates were adequate enough to meet the needs of the States. But 25 years have elapsed and the need of the States to increase their resources has increased manifold to meet the growing aspirations of the people of the States to which the State Government is primarily responsible. But there has been no change in the rate of transfer to the States. Therefore, it is a device to deprive the State Governments, whatever might be the political view-whether it is Leftist Government in West Bengal Janata led Government in Karnataka, National Conference in Jammu & Kashmir, Congress (I) Government in Uttar Pradesh or in Bihar. The States have been deprived of a very legitimate sphere of resources earnings. That is my point. Here is not the end of the story. It is also being proposed to keep other additional items under the purview of the Act. The contemplated additions are vanaspati, drugs, medicines, cement, paper, paper board and petroleum products. That means the sphere of taxation is being enhanced. The States will have to depend entirely at the mercy, whims of the Central Government. By this device the States Government will be converted as beggars. The State Governments refuse to be converted as beggars.

According to the calculation of the Government of West Bengal, if these additional commodities are brought under the purview of this Act, then the States will lose about Rs. 119 crores per annum which is about 30% of the total sales tax revenue.

I have heard that many hon. Members are in favour of the recommendations of Tripati Committee. I am opposed to the

acceptance of the Tripati Committee recommendations, because the Sales Tax is the main source of States to fall back upon. If you take away that resource from the State Governments, the State Governments will have no resource to fall back upon.

Many other things have been mentioned so as to gradually reduce transfer of resources from Centre to States. I do not want to go into those aspects. But the main question is that the demand of the people of the States are growing. Resources of the States are not commensurately increasing. Rather, it is being reduced.

Sir, I want to bring to your notice the opinion of the Finance Minister of Tamil Nadu. Very recently, replying to the discussion on the Bill to amend the Central Sales Tax Act in the Legislative Assembly, the Minister said that the sales tax was the only tree left with the States domain and whenever we need shelter from the sun, we go only to that tree. By taking away the right to tax sugar, tobacco and textiles, the Centre deprived Tamil Nadu of an income of Rs. 86 crores. Only last year, if other commodities were also taken into account, the loss would be around Rs. 226 crores. Now, it is the opinion of the Finance Minister of Tamil Nadu. I do not want to mention about the hue of the Government. The State Government of Tamil Nadu has been deprived of a revenue of Rs. 226 crores. How can the Government of Tamil Nadu whatever may be the political colour or hue serve the people of the State ?

MR. CHAIRMAN : Some of the State Governments led by Congress Party are also not in favour of this.

SHRI CHITTA BASU : You are right. How can they be ?

MR. CHAIRMAN : So, no Party question is involved here. It is only the question of resources.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : It is the question of survival of the States.

SHRI CHITTA BASU : Sir, Shri Satyasadhan Chakraborty has been raising the question of State deficit. I give you only one figure which will make you understand the predicament of the State irrespective of its political colour. I do not bring in that.

In the year 1981-82, the total tax revenue of the nation was Rs. 22,182 crores of which the States collected from their sources Rs. 7,514 crores. It is 33.9% of the total. Against this, during the same year, the total revenue expenditure of the nation was Rs. 28,069 crores of which the State' share was as small as 59.4%. The result of such situation is that the States constantly face a deficit in their revenue account. This is the point. You can understand, Mr. Satish Agarwal. I do not bring in Rajasthan Government; I do not bring in Punjab Government, I do not bring in anybody. Look, this is the financial position of the States. Sir, the Government is very much against the overdrafts for the States. What do you do ? They go in for deficit financing. What does it mean ?. They print paper in Nasik Security Press. Unfortunately, the State Government has got no Nasik Press. Therefore, they have got no other alternative.

PROF. MADHU DANDAVATE : They have got sick press.

SHRI CHITTA BASU : They have got sick press but that press also does not work. Nor does it walk. It is not to speak of sick or closed or lock-out press. Therefore, your deficit and the States overdraft meaning is the same. The effect is the same. Causation is the same. But you go on only by saying that we are very poor. You borrow money from the International Monetary Fund. You borrow money from the ADB—Asian Development Board. You borrow at the higher rate of interest from the market—foreign market. And the State Governments have got no right even to borrow. You would not allow them to borrow. You would not give them adequate financial assistances. You gradually take away the revenue earning sources and you make them the scapegoats. Is it fair ? Is it ethical or moral for the Finance Minister to accuse the State Governments ?

This Bill has provided a wider opportunity for us to bring before the House the actual state of financial affairs of the States.

Therefore, it is high time that there is a review of the Centre-State relations particularly in relation to financial powers.

On the basis of the interim report of the Eighth Finance Commission the allocation is going to be done. I have got nothing to say against it. It is a fait accompli. But in future, unless these various factors which have been brought before the House are taken note of and appropriate decision taken, I can only say that the unity of the country will be jeopardised. That does not mean that I will be accused that I am one of those who are out to weaken the Centre. We do not want to weaken the Centre. We want a strong Centre. It is only strong States which can make the Centre strong. We want a strong Centre but not an arrogant Centre. We do not want a centre which usurps the rights of the States. We want a Centre whose strength is built upon the spirit of federalism. What we see is that the spirit of federalism is being given a good-bye day in and day out, abandoning the spirit of federalism and just relying on the spirit of unitary system of Government in the administration of finances. They are unnecessarily creating conditions which give rise to the forces of disruption, fissiparous tendencies and other evil forces which are not at all conducive to the preservation of the unity of the country.

I think, for the time being, we have got no alternativebut to accept the formula contained in these four Bills which are the product of the interim report of the Eighth Finance Commission. Again, I would say that they should not wait for the recommendations of the Sarkaria Commission. The term of the Sarkaria Commission has been extended by one year, that is, upto June, 1985.

PROF. MADHU DANDAVATE: That will have to be implemented by the non-Congress Government.

SHRI CHITTA BASU: They should not wait till the recommendations of the Sarkaria Commission are made. Having taken note of the spirit of federalism and the near unanimity on the question of restructuring of the Centre-State relations. I think, the Government would take appropriate action in the matter.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी, इन चारों बिलों का मकसद सीमित हैं। 8 वें फाइनेंश कमीशन की इन्टेरिम रिपोर्ट के आधार पर ये चारों बिल सदन के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं। मूल प्रश्न मेरी समझ में, जैसा कि सभी सदस्यों ने बतलाया, पूरे देश को, सभी राज्यों को आर्थिक मामलों में आत्म-निर्भर बनाता है और सरकार को ऐसी आर्थिक नीति बनानी है जिससे इन मकसदों को हम हासिल कर सकें। अभी तक जो स्थिति है, आर्थिक साधनों के जितने स्रोत हैं वे ज्यादातर तो केंद्रीय सरकार के हाथ में केंद्रित हैं। एक्साइज ड्यूटी, इन्कम टैक्स या जितने प्रकार के अन्य टैक्स हैं उन में से कुछ हिस्सा राज्यों को जरूर दिया जाता है लेकिन जो मुनासिब हिस्सा उन को मिलना चाहिये उतने की व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है। इसी लिये राज्यों और केंद्र के बीच में विवाद चल रहा है। मतभेद है, इसको झगडा कहना चाहें तो कह लीजिये कि झगड़ा है। इस का निपटना जरूरी है और उन्हें निपटाने के लिये आपने सरकारिया कमीशन भी बनाया है, क्योंकि इस बात में हम सब एक-मत हैं कि देश की एकता हर कीमत पर रहनी चाहिये। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि देश की एकता के नाम पर राज्यों के बीच में बिभेद की नीति बरती जाय या सम्पत्ति वाले लोग ज्यादा सम्पत्तिवान बनते जाय और जो गरीब है वह और ज्यादा गरीब बनता जाय। हमारा यह उद्देश्य नहीं है। हमारा उद्देश्य गरीबी को मिटाना है और इस के लिये पैसे की जरूरत पड़ती है। आप राज्यों से जो धन टैक्स के रूप में वसूलते हैं उसके आंकड़े आप के पास हैं लेकिन बदले में उनकी कितनी मदद करते हैं वे आंकड़े भी आप के पास हैं। मैं तो अपने राज्य के बारे में जरूर जानता हूं। हर सदस्य अपने राज्य के बारे में ज्यादा जानता है कि धन के अभाव में प्राकृतिक विपत्तियों के अवसर पर भी राज्य स्वयं अपने साधनों से उसका मुकाबला करने की स्थिति मे नहीं होते, उन को आप की तरफ हाथ पसारना पड़ता है और इस लिये हाथ पसारना पड़ता हैं कि जो विभिन्न प्रकार के

टैक्स आप राज्यों से वसूलते हैं उन का मुनासिब हिस्सा आप राज्यों को नहीं देते हैं। चाहे इलेक्ट्रिसिटी का सवाल हो या दूसरे सवाल हों— सब मामलों में यही बात है। अपने विकास के राज्यों के पास पर्याप्त धन नहीं होता है, आप जो धन देते हैं उन का ठीक से सदुपयोग नहीं होता है और जो देते हैं वह भी कम होता है। हमारे यहां संघीय शासन व्यवस्था है जिस का उद्देश्य है कि एक दूसरे से गुथे रहें, मिलकर (रहें) एक राष्ट्र की तरह रहें और इस के लिये जरूरी है कि आप राज्यों को ज्यादा से ज्यादा मदद दें।

आप राज्यों की मदद नहीं करते और राज्य पैसे की कमी के नाम पर शहरों की मदद नहीं करते, न कारपोरेशन की मदद करते हैं, न म्युनिसिपैलिटी की मदद करते हैं और न उद्योग धन्धों की मदद करते हैं, न कृषि के विकास में मदद कर पाते हैं। सब जगह पैसे का अभाव सामने आता है। आप उन की मदद न करें तो और वे दूसरों की मदद न करे तो देश का चहुंमुखी विकास कैसे होगा ?

देश में जो लोक-कल्याणकारी राज्य का नारा दिया जाता है, वह कैसे होगा ? मैं, एक ही सवाल पर जोर डाल रहा हूं और वह यह कि आप जो भी पैसा राज्यों से वसूलें, वह उनको दें। बैंक में जिस प्रतिशत से राशी जमा होती है, क्या राज्यों के उद्योग-धंधों में उसी प्रतिशत के हिसाब से खर्च किया जाता है, नहीं किया जाता ? मैं, बिहार की बात जानता हूं। वहां जितना डिपाजिट बैंकों में होता है, उसका तीस से चालीस प्रतिशत भी अगर आप देते हैं तो बहुत बड़ी बात है। लेकिन, क्या यह मुनासिब है ? बाकी को आप कहां ले जाते है ? जो ज्यादा साधन-सम्पन्न हैं या जहां पर राजनीतिक तौर से लोग सजग हैं और आन्दोलन कर सकते हैं, उनको आप देते हैं। यह स्थिति नहीं होनी चाहिए। जिस राज्य में डिपाजिट ठीक होता है, उसको उसी अनुपात में अपने राज्य के औद्योगिक, कृषि व अन्य विकास कार्यों के लिय धन दिया जाना चाहिए। आप सिर्फ धन देने की बजाय यही कहते रहे कि लोग मिलकर रहें और आपस में मतभेद नहीं बढ़ाए तो इससे काम नहीं चलेगा। "पर-उपदेशे-पाण्डित्यम", हर आदमी दूसरे को उपदेश देने में अपने को ज्यादा सक्षम मानता है। लेकिन, स्वयं उपदेश नहीं लेना चाहता। भारत सरकार की स्थिति भी यही है। कम खर्च करो और आस्टेरिटी अपनाओ। यह करो और वह करो आपकी भी, और राज्यों की भी फिजूलखर्ची मिटनी चाहिए। जनता की गाढ़ी कमाई से जो पैसा टैक्सों आदि के रूप में जमा होता है उसका सदुपयोग जनता तक पहुंचना चाहिए उनकी गरीबी मिटाने में मदद मिलनी चाहिए गरीबी रेखा से लोग उपर उठें, उनकी संख्या न बढ़ने पाए। असलियत में यही झगड़ा है। आपने तो टेबल बना दिया कि किस राज्य को कितना परसेंट दिया ? जो कुछ आप दे रहे हैं उसमें तो हम परिवर्तन नहीं कर सकते। ठीक से दीजिए ताकि वह अपने पांवो पर खड़े हो सकें ताकि संघ और राज्य का संबंध बिलकुल अटूट हो जाए। जहां तक देश की एकता का प्रश्न है, हम लोगों में कोई भी मतभेद नहीं होगा, चाहे किसी भी विचार या दल के हों और चाहे किसी की भी सरकार क्यों न हो सब राज्यों को मुनासिब हिस्सा देना आपका प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। अगर आप ऐसा करेंगे तो बिखराव की स्थिति जो पैदा होती है, वह नहीं होगी। जो हमारे देश के दुश्मन हैं और तरह-तरह की फूटवादी प्रवृत्तियों को फैलाना चाहते हैं, उनको भी अपना उल्लू सीधा करने का मौका नहीं मिलेगा। यही मेरा निवेदन है।

**श्री अब्दुल रशीद काबुली (श्रीनगर)** महतरम चेयरमैन साहब, आठवें, फाइनेंस कमीशन की सिफारिशात की रोशनी में जो चार बिल यहां हाऊस के सामने लाए गए हैं, इनके बारे में मैं कोई राय कायम नहीं करता हूं।

उस तरीकेकार के खिलाफ हूं जो मरकजी सरकार ने एडीशनल एक्साइज ड्यूटीज को तकसीम करने के सिलसिले में इस्तेमाल किया है। जैसे इन बिल्स में भी बताया गया है कि जो एडीशनल ड्यूटी इन ल्यू ऑफ सेल्स टैक्स के रूप में होगी, शुगर, टोबैको, काटेन फैब्रिक्स, वूलन फैब्रिक्स, मैन मेड फैब्रिक्स पर, जो स्टेट्स के सेल्स टैक्स को रिप्लेस करेगी इन कमोडिटीज में, उसमें जम्मू कश्मीर राज्य को हर साल 0.744 प्रतिशत भाग दिया जाएगा। इसी तरीके से पार्ट ऑफ नैट प्रोसीडिंग्स ऑफ दी यूनियन ड्यूटीज ऑफ एक्साइज अदर दैन-जैनरेशन ऑफ इलैक्ट्रिसिटी में जम्मू कश्मीर राज्य को 0.839 प्रतिशत दिया गया है। मैं समझता हूं कि यह भाग इतना कम है और इतना नगण्य है जिसका बयान नहीं किया जा सकता। मैं नहीं समझ पाया कि जब इस बारे में इतनी चर्चा है फिर इतनी कम मदद किस बेस पर दी गई है। सारी रियासतों से जब आप सेल्स टैक्स से होने वाली आमदनी ले रहे हैं, एडीशनल एक्साइज टैक्स के तौर पर, और उसको आगे तकसीम कर रहे हैं तो उसमें जम्मू कश्मीर जैसी गरीब रियासत को जो भाग मिल रहा है, उसको देखकर मुझे बड़ा दुख होता है और इसीलिए मैं इन बिल्स की हिमायत नहीं करता। मैं जनावेवाला की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं कि इस मुल्क में मुजाहिदीव आजादी ने अपनी जान की और माल की कीमत देकर स्वराज्य हासिल किया, वह सही मायनों में तब तक नहीं आ सकता जब तक कि हमारे यहां अमीर और गरीब के बीच की खाई नहीं पाट दी जाती। आज हालात यह हो गई है कि अमीर और अमीर होता जा रहा है। और गरीब की हालत बिगड़ती चली जा रही है। जब तक आप इस खाई को नहीं पाटेंगे तब तक उनके साथ इंसाफ नहीं होगा। इसी तरह से आप बड़ी रियासतों और छोटी रियासतों के बीच में इस लिहाज से अन्तर पैदा कर रहे हैं कि उनके पास साधन ज्यादा हैं या कम हैं। वे इंडस्ट्रियलाईजेशन या दूसरे मामलों में कितना आगे हैं। तरक्की याफ्ता रियासतों के मुकाबले में हमारे यहां कई ऐसी रियासतें हैं जो काफी पिछड़ी हैं, हर लिहाज से पीछे रह गई हैं। जब तक इन रियासतों को एक दूसरे के करीब नहीं लाया जाता और इनके दरम्यान की खाई को पाटा नहीं जाता, तब तक इस मुल्क में सच्चे मानों में स्वराज नहीं आ सकता। म पहले आया है। इसलिए मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जहां हमारे मुल्क में पंजाब की रियासत है, हरियाणा है वहीं जम्मू कश्मीर भी है, सिक्किम भी है, मिजोरम और नागालैंड भी हैं, उड़ीसा भी है जिनकी हालत बहुत गरीब, गुजरी हुई, पिछड़ी और बैकवर्ड है। आपका यह कहना कि तरक्कीयाफ्ता रियासतों के पास साधन ज्यादा हैं, लिहाजा उनको ज्यादा हक दिया जाए, वह जमहूरियत के तकाजे के खिलाफ बात है। मैं कहना चाहता हूं कि इन रियासतों के बीच के अंतर के पीछे दो कारण हैं—एक तो टैक्नालाजिकल और दूसरा बैंकिंग रुपये पैसे, रिसोर्सेज का इन पर ज्यादा मात्रा में खर्च होना। हमारी टैक्नालाजी इन तरक्कीयाफ्ता रियासतों की डैवलपमैंट पर ज्यादा खर्च हो रही है और उनके मुकाबले जितने पिछड़ी राज्य है वहां न तो टैक्नालौजी का सही इस्तेमाल हुआ है न वहां बैंकिंग फैसिलिटीज दी गई हैं जिसके कारण उनका डैवलपमैंट ज्यादा नहीं हुआ। उनको सरकार भी कम सरमाया दे रही है। आज इस अंतर को हमें कम करना चाहिए और यह बहुत जरूरी भी है। वरना इस देश में बहुत बड़ा क्राइसेज पैदा होगा। यह क्राइसेज ब्रिटिश साम्राज्य के वक्त से पैदा हुआ था। जब उन्होंने हिन्दुस्तान पर कब्जा जमाया तो जो रियासतें उनके हाथ में आयीं वे डैवलप हो-गई और बाकी पिछड़ी रह गई, जहां रजवाड़े शाही थी—जैसे जम्मू कश्मीर, राजस्थान के कुछ दीगर इलाके, आसाम और कुछ दूसरे इलाके, जहां सरकार की नजर नहीं पड़ी। ब्रिटिश गवर्नमैंट ने पंजाब में

कैनाल्स का जाल बिछा दिया, सिंध का डेवलपमेंट किया, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा बन चुका है, उसके डेवलपमेंट की वजह से वहां बहुत ज्यादा उत्पादन हुआ जब कि वह पूंजी सारे मुल्क की थी। कुछ इलाकों में रेलवे ट्रैक्स बिछाई गईं और कुछ रियासतों को दूसरी फैसिलिटीज दी गईं। बड़े शहरों, कलकत्ता, बंबई मद्रास, दिल्ली को ज्यादा से ज्यादा सहूलियात अंग्रेजों ने दीं। लेकिन जो सरमाया रेलवे, टेलीकम्युनिकेशन, टैक्नालाजी पर खर्च हुआ वह पूरे देश की खून पसीने की कमाई थी। और अंग्रेजों ने जो सिलसिला शुरू किया, हमारी सरकार का फर्ज बनता था उसको खत्म करती। और जो बैकवर्ड स्टेट्स हैं उनको आगे जाने के लिये ज्यादा से ज्यादा साधन तरक्की करने के लिये दिये जायें।

यह अफसाना (मिथ) भी ऐक्सप्लोड हो चुका है कि चूंकि कुछ इलाके नेचुरली बैकवर्ड हैं इसलिये वहां के लोग पीछे रह गये। इसलिए उसमें सरकार का क्या दोष। ऐसी बात नहीं है। जब आप राजस्थान को एशिया की सबसे बड़ी कैनाल के जरिये पानी दे रहे हैं। उससे सारे राजस्थान का नक्शा बदल जायगा। जब हरियाणा, पंजाब में नहरें नहीं थीं तो वहां का क्या हाल था ? लेकिन बाद में इन इलाकों में पानी आने से वहां उत्पादन बढ़ा, तरक्की हुई और जम्मू-कशमीर में जम्मू का इलाका बड़ा ही वैसी और बंजर है। लेकिन जब तवी और रावी से पानी देना शुरू कर दिया है तो काफी खुशहाल हो रहा है। इसलिए बैकर्डवनेस नेचुरल है यह बात गलत है।

आप उड़ीसा को देखें सैकड़ों मील तक जमीन खुश्क पड़ी है। अगर मोडर्न टैक्नालाजी से उसको पानी दे दिया जाय तो फिर देखिये वही इलाका पूरे देश की खुशहाली में कैसे अपना हिस्सा बांटेगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं जो यहां पर फाइनेंशियल एनाटामी के नाम से नारा लगा कुछ रियासतों की तरफ से, हम उसके खिलाफ हैं। अब तक जो दौलत पैदा हो रही है वह रियासतों में जमा हो रही है, और कुछ राज्य हाथ फैलायें हैं जैसे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, असम, उड़ीसा। जिन रियासतों में इस वक्त इन्डस्ट्रीज हैं, बिजली और सारे साधन हासिल हैं उनकी कैपिटल ग्रोथ बहुत बढ़ चुकी है और वह रियासतें अगर चाहें तो उनको ज्यादा शेयर मिले और बैकवर्ड स्टेट्स को नजरंदाज किया जाय, हम इससे मुतफिक नहीं हैं।

